हाथी का हमला | सेंदुरी में ग्रामीणों ने की खतरनाक दंतैल हाथी को जिले से हटाने की मांग, क्षेत्र में दहशत का माहौल

# हाथी के हमले से 4 मवेशियों की मौत, एक गंभीर

**अनूपपुर, नवभारत 8 मई।** जिला मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सेंदुरी में गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि एक आक्रोशित दंतैल हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी के हमले में चार पालतू मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को तत्काल रेस्क्यू कर जिले से बाहर किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सोनमौहरी वन बीट के जंगल में पिछले आठ दिनों से एक अकेला दंतैल हाथी डेरा जमाए हुए है।



### रात में घरों व खेतों को पहुंचा रहा नुकसान

दिन में जंगल में विश्राम करने वाला यह हाथी रात होते ही भोजन की तलाश में सोनमौहरी, सेंदुरी, अमगवां और छुलहा गांवों में पहुंचकर खेतों और घरों में नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी लगातार घरों में तोड़फोड़ कर रहा है तथा खेतों में लगी फसलों को भी नष्ट कर रहा है।

### सेमरिहा टोला में कई जगह किया हमला

गुरुवार रात हाथी ने सेंदुरी गांव के सेमरिहा टोला निवासी दुआरे की 5 वर्षीय गाभिन गाय, धनीराम चौधरी की 7 वर्षीय गाय एवं 4 वर्षीय बैल तथा डेमसाय चर्मकार के 4 वर्षीय बैल पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसी दौरान सेंदुरी गांव के छुलहा रेलवे अंडरब्रिज के पास खेत में बने मकान में रह रहे वंशगोपाल राठौर के घर के बाहर बंधे बैल पर भी हाथी ने हमला कर दिया।

### हाथी को देखते ही वंशगोपाल जान बचाकर भागा

हाथी को देखते ही वंशगोपाल अपनी जान बचाकर भाग निकले। घायल बैल का देर रात पशु चिकित्सा विभाग द्वारा उपचार कराया गया, लेकिन उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यह हाथी छत्तीसगढ़ के कटघोड़ा वन मंडल से भटककर लगभग 24 दिन पहले अनूपपुर जिले में प्रवेश किया था। इस दौरान यह हाथी तीन लोगों की जान ले चुका है तथा कई लोगों को घायल भी कर चुका है।

### वन विभाग हाथी को नियंत्रित करने में विफल

हाथी का लगातार गांवों के आसपास विचरण करना ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग अब तक हाथी को नियंत्रित करने में सफल नहीं हुआ है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई कर हाथी को जिले से बाहर नहीं किया गया, तो वे व्यापक जन आंदोलन करेंगे। वन विभाग की टीम लगातार हाथी की निगरानी कर रही है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



# शिविर में 31 यूनिट रक्त किया गया संग्रहित

### शिव मारुति युवा संगठन का रक्तदान शिविर आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 8 मई।** शिव मारुति युवा संगठन द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शिव मारुति मंदिर परिसर सामतपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान महादान की प्रेरणादायी भावना के साथ आयोजित इस शिविर में युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

### प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

रक्तदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छ एवं सुरक्षित रक्तदान व्यवस्था तथा जलपान सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रक्तदाताओं को फलदार पौधे भी वितरित किए गए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है।

# संगठनों और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन के निर्णय का जबलपुर सहित पूरे प्रदेश के व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान, योजनाओं के निर्माण तथा शासन और व्यापारियों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी मंच सिद्ध होगा। वर्षों से व्यापारी वर्ग इस प्रकार के बोर्ड की मांग कर रहा था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरा कर व्यापारियों को बड़ी सौगात दी है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अल्प प्रवास के दौरान गुरूवार को डुमना में जबलपुर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उनका स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, कैट से संदेश जैन, रोहित खटवानी, दीपक सेठी, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स से प्रभात जैन, सर्राफा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष नवीन सराफ, मच्छरहाई व्यापारी संघ से मंजेश जैन, मेन रोड व्यापारी संघ से प्रवीण जैन, बेंगल एसोसिएशन से अभिषेक जैन, मुकदमगंज व्यापारी संघ से भीमलाल गुप्ता, नरघैया व्यापारी संघ से अनुज जैन, मानस भवन/नॉर्मल स्कूल व्यापारी संघ से मोनू साहू, फुटकर कपड़ा विक्रेता संघ से गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### स्वच्छता के शिखर पर ले जाने महापौर ने संभाली कमान

**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष शहरों में शामिल कराने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने मोर्चा संभाल लिया है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और नंबर-1 बनाने के संकल्प के साथ महापौर अब खुद मैदान में उतरकर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। गुरूवार को शहर के नागरिकों से महापौर ने जनसंपर्क किया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनसे सकारात्मक फीडबैक देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने खुद खड़े होकर सैंकड़ों लोगों से स्वच्छता सर्वेक्षण का फीडबैक प्राप्त किया। महापौर अन्नू का मानना है कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

# ग्रामीणों के लिए बनेगा सामुदायिक सुलभ कॉम्पलेक्स

### टोरेंट पावर की जनहितकारी पहल

**अनूपपुर, नवभारत 8 मई।** क्षेत्रीय विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए टोरेंट पावर कंपनी द्वारा रक्सा-कोलमी क्षेत्र में स्थापित होने जा रहे पावर प्लांट से प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों की सुविधा के लिए विशाल सामुदायिक सुलभ कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में रक्सा एवं कोलमी ग्राम पंचायतों में अलग-अलग स्थानों पर विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से सलाहकार सुधाकर पांडेय, महाप्रबंधक एसके मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक ओ.पी. नैनवाल, अपर महाप्रबंधक धीरज सिंह चौहान एवं आकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कंपनी प्रबंधन एवं ग्रामीणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।



### निर्माण कार्य शुरू किया गया

इस अवसर पर गांववासी चक्रधर मिश्रा, अमोल सिंह, पूर्व सरपंच प्रीतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे। साथ ही कंपनी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है।

### ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्ति मिलेगी

यह सामुदायिक सुलभ कॉम्प्लेक्स कंपनी की बाउंड्री के बाहर बनाया जा रहा है, जिससे गांव के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। सामुदायिक सुलभ कॉम्प्लेक्स बनने से ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष रूप से सुरक्षित एवं सम्मानजनक सुविधा प्राप्त होगी।

## एक नजर में



### रेलवे कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है मजदूर कांग्रेस

**अनूपपुर, नवभारत।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर द्वारा रेलवे कर्मचारियों के हितों को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।इसी क्रम में 30 अप्रैल को रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल कार्यालय में कैडर मीटिंग सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए विजय अग्निहोत्री ने कहा कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर का संकल्प है कि मेहनतकश रेलवे कर्मचारियों को उनकी मेहनत का जायज हक मिले। उन्होंने बताया कि रनिंग स्टाफ सीसीटीएस, इलेक्ट्रिक लोको शेड स्टाफसहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को 08वें वेतन आयोग का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 31 दिसंबर 2025 के पूर्व प्रमोशन दिलाया गया।उन्होंने कहा कि प्रमोशन प्रक्रिया को त्वरित रूप से लागू कराने में बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा एवं सीनियर डीओपी शशांक कोष्टा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।मजदूर कांग्रेस का प्रयास है कि सभी पात्र कर्मचारियों को समय पर प्रमोशन मिले।



### कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार 8 मई को जिला चिकित्सालय पहुंचकर क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीयू कक्ष, नेत्र कक्ष, बेड की उपलब्धता तथा चिकित्सा उपकरणों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही उपचार सुविधाओं, दवाइयों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर बेहतर उपचार और सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कहा कि गंभीर मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा चिकित्सा उपकरणों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. परस्ते, डॉ. एस.सी. राय सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण की नई पहल शुरू

**अनूपपुर, नवभारत।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश की प्राचीन हस्तलिखित विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से ज्ञान भारतम मिशन प्रारंभ किया गया है। जिले में मिशन के प्रभावी संचालन के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने नागरिकों एवं संस्थाओं से सहयोग की अपील की है। संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में एक जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा निजी शोध संस्थानों, महाविद्यालयों, प्राचीन ग्रंथालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों तथा निजी ट्रस्टों में संरक्षित हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से 75 वर्ष अथवा उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों की जानकारी एकत्रित की जाएगी।

# प्रक्षेत्रों से ही अन्नदाता को बेहतर करने की उम्मीद जागती है : कुलपति

### जनेकृविवि में बीज उत्पादन की एक दिवसीय कार्यशाला

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित 24 प्रक्षेत्रों के प्रभारी एवं अधिकारियों की वार्षिक समीक्षा कार्यशाला का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संचालक अनुसंधान सेवाएं स्थित मंथन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं सभी प्रक्षेत्रों पर बीजोत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न केन्द्रों से उपस्थित प्रक्षेत्र प्रभारियों के द्वारा वर्ष 2025-2026 में प्रजनक बीज के उत्पादन तथा आगामी वर्ष 2026-27 में बीज उत्पादन हेतु लिए जाने वाले कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया। कुलपति डॉ पीके मिश्रा ने इस मौके पर ये स्पष्ट किया कि प्रक्षेत्रों से ही हमारे अन्नदाता कृषकों को बेहतर करने की आशा व उम्मीद जागती है।




### कुलपति ने दिए अहम सुझाव

समीक्षा बैठक में कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सभी प्रक्षेत्रों का प्रदर्शन सराहनीय पाया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को आगामी मौसम पर आधारित नई प्रजातियों के बीजोत्पादन तथा उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। समीक्षा बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संचालक प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. विजय यादव द्वारा किया गया। एक दिवसीय बैठक में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन एवं संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी. आर. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि उद्यानकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, लेखानियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, अनुवांशिकीय एवं पौध प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव एवं क्वालिटी सीड प्रोडक्शन परियोजना से डॉ. संजय कुमार सिंह एवं डॉ. अजय जायसवाल उपस्थित रहे।

### समर कैंप में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं

**नवभारत,जबलपुर।** हितकारिणी सभा विद्या परिषद् द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ।इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा है , विभिन्न खेलो में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । गुरूवार को समर कैंप में छात्र-छात्राओं को रग्बी एवं कबड्डी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही साथ अन्य खेल भी सुचारू रूप से चल रहे हैं। रग्बी के प्रशिक्षक अजय नामदेव ने बताया कि जबलपुर में यह नया खेल है और छात्र बड़े उत्साह पूर्वक इस खेल में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं कबड्डी के प्रशिक्षक शानू यादव ने बताया की प्रतिवर्ष हितकारिणी सभा के समर कैंप से कुछ बच्चे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर उभर रहे हैं। समर कैंप के आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए हितकारिणी फार्मेसी कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में भी मेडिटेशन तथा जुंबा का प्रशिक्षण दिया गया ,जिसमें छात्रों में इस्को लेकर उत्साह एवं रुचि दिखाई दी ध्यान की विशेषज्ञ संगीता मैडम ने बताया कि ध्यान के द्वारा विद्यार्थियों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने में आया है।

# आज कोतमा में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

### शोभायात्रा, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी

**अनूपपुर, नवभारत 8 मई।** वीरता, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती इस वर्ष कोतमा नगर में पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई जाएगी।

श्री राणा सांगा क्षत्रिय एकता समिति के तत्वावधान में 9 मई को आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन शाम 5 बजे मंगल भवन, कोतमा में संपन्न होगा।



समिति द्वारा आयोजित इस शौर्य दिवस समारोह में क्षत्रिय समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही शिक्षा, सामाजिक सेवा, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### लोग पारंपरिक वेशभूषा में होंगे शामिल

आयोजन का उद्देश्य समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित करना है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। शोभायात्रा में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे और महाराणा प्रताप के शौर्य एवं बलिदान से जुड़े संदेशों का प्रसार किया जाएगा।

फर्जीवाड़ा | वेतन का भुगतान रोका गया, बिना कॉलेज पहुंचे लग रही थी डिजिटल उपस्थिति, कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल

# सार्थक ऐप में फर्जी हाजिरी का खेल, जांच की जद में अतिथि विद्वान

**अनूपपुर, नवभारत 8 मई।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में सार्थक ऐप के माध्यम से फर्जी डिजिटल हाजिरी लगाए जाने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। लंबे समय से चल रहे इस कथित खेल को लेकर कॉलेज प्रशासन और अतिथि विद्वानों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार कई अतिथि विद्वान महाविद्यालय में उपस्थित हुए बिना ही अपने गृह गांव या जिले से बाहर रहते हुए सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ शिक्षक ओडी यानी ऑफिसियल ड्यूटी का हवाला देकर कॉलेज से बाहर रहते थे, लेकिन उसी दौरान उनकी डिजिटल लोकेशन किसी अन्य स्थान की दिखाई दे रही थी। इससे यह संदेह और गहरा गया है कि सार्थक ऐप का दुरुपयोग कर फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही थी।




### पूरा खेल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा था

सवाल यह भी उठ रहे हैं कि जब संबंधित शिक्षकों को विश्वविद्यालय या विभागीय कार्यों के लिए भेजा गया था, तो उनकी लोकेशन कार्यस्थल अथवा विश्वविद्यालय क्षेत्र में क्यों नहीं दिखाई दी। सूत्रों का दावा है कि यह पूरा खेल कई महीनों से सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा था। मामले में कॉलेज प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है।

### प्रभारी प्राचार्य के संरक्षण में यह व्यवस्था चल रही थी

आरोप लगाए जा रहे हैं कि प्रभारी प्राचार्य के संरक्षण में यह व्यवस्था चल रही थी, जिसके चलते संबंधित कर्मचारियों में जवाबदेही समाप्त हो चुकी थी। शासन द्वारा विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए जारी राशि का दुरुपयोग कर बिना कार्य किए वेतन लेने का मामला अब वित्तीय अनियमितता के रूप में भी देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार फिलहाल संबंधित अतिथि विद्वानों का भुगतान रोक दिया गया है।

### स्पष्टीकरण मांगा जाएगा

अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर मामले की जांच की जा रही है। जिन कर्मचारियों की लोकेशन कार्यक्षेत्र से बाहर पाई गई है, उनकी उपस्थिति काटी जा रही है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है कि आखिर वे बाहर रहकर सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति कैसे दर्ज कर रहे थे।

### इनका कहना है

कुछ शिक्षक हमारे मौखिक आदेश से बच्चों के काम के लिए यूनिवर्सिटी जाते हैं। अगर उनका लोकेशन यूनिवर्सिटी का नहीं शो कर रहा है तो मैं छुट्टी से लौटने के बाद नोटिस देकर जानकारी लूंगा।

**सुनील भोंसले**
**प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय राजनगर**

ऐसे शिक्षकों की जांच की जा रही है, उनका वेतन काटा जाएगा।

**अनिल सक्सेना**
**अग्रणी महाविद्यालय शासकीय तुलसी कॉलेज अनूपपुर**